वर्ष-3, अंक-10
इन्दौर, गुरुवार
12 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।



-चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### 79 नाविकों के साथ दो बंगलादेशी मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को पकड़ा

**ढाका।** भारतीय तटरक्षक बल ने भारत-बंगलादेश के बीच समुद्री सीमा के पास 79 नाविकों के साथ दो बंगलादेशी मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को पकड़ लिया है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट में मंगलवार को प्राप्त हुई। द ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, ट्रॉलर मालिकों और जहाजरानी विभाग के अनुसार, यह घटना खुलना के हिरोन पॉइंट इलाके में सोमवार दोपहर हुई। जब्त किए गए ट्रॉलरों की पहचान चैटोग्राम के सी एंड ए एग्रो लिमिटेड के स्वामित्व वाले एफवी मेघना-5 और एसआर फिशिंग के स्वामित्व वाले एफवी लैला-2 के रूप में हुई है।

### नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**रांची (एजेंसी)।** नक्सलियों ने पुलिस मुखबीरी के आरोप में एक भाजपा नेता की गला घोंटकर हत्या कर दी है। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव से पहले नक्सली लगातार वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने बीती रात फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सोमनपल्ली निवासी भाजपा नेता कुड़ियाम माड़ो पिता मुरा कुड़ियाम उम्र करीब 35 को पहले घर से उठाकर ले गए, फिर घर से कुछ दूर ले जाने के बाद नक्सलियों ने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी है। हत्या कर शव तोयनार चौक के पास फेंक दिया। घटनास्थल पर नक्सलियों ने पर्चा भी छोड़ा है।

### बाघ की दहाड़ से गांवों में दहशत, खेत व सडक़ पर दिखा बाघ

**बालाघाट ।** जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी के ग्राम महकेपार में बाघ सडक़ व फिर खेतों में किसानों को विचरण करते दिखाई दिया। जिससे खेतों में काम करने वाले किसान अपनी जान बचाकर भाग गए। इस संबध में किसानो ने बताया कि बाघ की दहाड़ भी सुनाई देती हैं जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही सडक़ से आना जाना कर रहे राहगीरों ने खेत में बाघ के विचरण करने का वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर वाइरल कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम खैरलांजी से अंबेझरी मार्ग पर करीब 15 दिनों से बाघ दिखाई दे रहा है। जिससे राहगीरों को इस मार्ग से आने जाने में भय बना रहता है। दरअसल ग्राम खैरलांजी जिले के अंतिम सीमा पर होने के साथ ही ये गांव बावनथड़ी नदी पर बने राजीव सागर जलाशय के निचले हिस्से में बसा है।

# मप्र में बना गीता पाठ का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## सीएम यादव ने कहा -किसी पूजा पद्धति से हमारा विरोध नहीं

**भोपाल ।** भोपाल में गीता जयंती के मौके पर बुधवार को 7 हजार प्रतिभागियों ने सामूहिक गीता पाठ किया। इनमें 3721 आचार्य और बटुक शामिल थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसी पूजा पद्धति से हमारा विरोध नहीं है। हमने इंद्र का दरबार नहीं देखा लेकिन आज उसका लघु रूप यहां दिखाई दे रहा है। 10 हजार श्लोक यहां पढ़े गए। 5 हजार साल पहले जो रिकॉर्ड बना था, उस समय गिनीज बुक नहीं थी। लेकिन उस समय भगवान के मुखारबिंद से निकले एक-एक शब्द लिपिबद्ध हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मप्र नहीं, दुनिया के अंदर पहली बार भगवान के मुंह से निकली गीता के पाठ का रिकॉर्ड बना है। आने वाले समय में इससे बड़ा कार्यक्रम कोई और करे तो हम आनंद में डूबेंगे। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में गीता के तीसरे अध्याय कर्म योग का सस्वर पाठ सुबह करीब साढ़े 11 बजे शुरू होकर 9 मिनट तक चला। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एजुकेटर विश्वनाथ ने विश्व रिकार्ड की घोषणा की। जिसके बाद सीएम यादव को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट सौंपा गया। इस दौरान सीएम ने प्रदेश की 1.28 करोड़ लाड़ली बहनों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से 1250 रुपए डाले। 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को भी 334 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। उज्जैन में भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के चौथे दिन बुधवार को कॉलेज, स्कूल और संस्कृत विद्यालय के बटुक, आचार्य और विद्यार्थियों ने सामूहिक गीता पाठ किया। 5108 बच्चों ने सुबह 11 बजे गीता का पाठ शुरू किया, जो दोपहर 12 बजे तक चला।




### गूगल पर गीता के बारे में सबसे ज्यादा सर्च

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन हमने गीता जयंती का उत्सव मनाया, आज के दिन ही भगवान ने स्वयं को सांदीपनि आश्रम में शिक्षार्थी के रूप में रखकर शिक्षा ग्रहण की थी। चारों वेद, 18 पुराण, 64 कलाएं...सबका निचोड़ समाज को देने का प्रयास किया। आजकल गूगल के सर्च इंजन के माध्यम से दुनिया में सबसे ज्यादा जिस पुस्तक के बारे में लोग जानकारी जानना चाहते हैं, वह हमारी पवित्र गीता जी हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म से लेकर मृत्यु तक अपनी लीलाओं और आदर्शों के माध्यम से समूचे समाज को प्रेरणा दी है। उनके जीवन और पवित्र धर्मग्रंथ गीता की शिक्षा से प्रदेशवासियों के जीवन को आलोकित करने और सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के एक साल पूरे होने पर जन कल्याण पर्व आज से शुरू हो रहा है। 40 दिन तक 76 प्रकार की सरकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ने का काम चलेगा।

# नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**रांची (एजेंसी)।** नक्सलियों ने पुलिस मुखबीरी के आरोप में एक भाजपा नेता की गला घोंटकर हत्या कर दी है। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव से पहले नक्सली लगातार वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने बीती रात फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सोमनपल्ली निवासी भाजपा नेता कुड़ियाम माड़ो पिता मुरा कुड़ियाम उम्र करीब 35 को पहले घर से उठाकर ले गए, फिर घर से कुछ दूर ले जाने के बाद नक्सलियों ने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी है। हत्या कर शव तोयनार चौक के पास फेंक दिया। घटनास्थल पर नक्सलियों ने पर्चा भी छोड़ा है। जिसमें माड़ो पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या किए जाने की बात लिखी गई है। इधर, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।




### महाराष्ट्र में अंबेडकर स्मारक में तोड़फोड़ के बाद हिंसा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी में बुधवार को अंबेडकर स्मारक में तोड़फोड़ के विरोध में बुलाए गए बंद के दौरान हिंसा भड़क गई है। परभणी के कई इलाकों में दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। कुछ इलाकों में लाठीचार्ज भी किया गया। परभणी में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने इलाके में धारा 144 लगा दी है। परभणी से लगे हिंगोली में भी हिंसा हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सोपन दत्तराव पवार (45) ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के सामने अंबेडकर स्मारक में संविधान की प्रतिकृति को तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद लोगों ने उसे बुरी तरह पीटा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पंचतत्व में विलीन हुए संत श्री सियाराम बाबा

## दर्शन के लिए पहुँचे हजारों भक्तों ने दी अंतिम विदाई, बाबा का नर्मदा नदी घाट पर बनाया जाएगा समाधि स्थल - मुख्यमंत्री

**खरगोन ।** संत सियाराम बाबा बुधवार सुबह पंचतत्व में विलीन हो गए। हजारों की भीड़ ने संत को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। सैकड़ोंए हजारों नही बल्कि लाखों की संख्या में भक्तों के साथ ही सैंकड़ों तादात में साधु समाज भी इस क्षण का साक्षी बना। संतश्री के अंतिम दर्शन के लिए सीएम डॉ. मोहन यादव भी आश्रम पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भट्टयान आश्रम पहुंचकर सियाराम बाबा के चरणों में माथा टेका और बाबा की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा का समाधि स्थल बनाया जाएगा, भट्टयान में नर्मदा नदी का घाट बनाया जाएगा और भट्टयान को पर्यटक स्थल के रूप विकसित किया जाएगा। भट्टयान गांव का नाम सियाराम बाबा के नाम पर रखा जाएगा। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और विधायक सचिन यादव और पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने भी सुप्रसिद्ध संत सियाराम बाबा के देवलोक गमन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है । बाबा की तपोभूमि तेली भट्टयाण



स्थित आश्रम पहुंच रहे हैं। उनकी पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए आश्रम परिसर पर रखी थी। दोपहर तीन बजे उनका डोला निकाला गया, जहां आश्रम के समीप ही नर्मदा स्नान के बाद अंतिम संस्कार किया गया। संत सियाराम बाबा ने मोक्षदा एकादशी याने बुधवार सुबह 6 बजे अंतिम सास ली। उल्लेखनीय है कि संतश्री का स्वास्थ्य पिछले दो सप्ताह से बिगड़ रहा था, उन्हें सनावद निजी अस्पताल भी ले जाया गया थाए जहां चिकित्सको ने उन्हें निमोनिया से ग्रसित बताया था। दो दिन उपचार के बाद संतश्री ने स्वैच्छा से आश्रम पर ही स्वास्थ्य लाभ लेने की ईच्छा जताई थी। इसके बाद सीएम डॉण् मोहन यादव ने भी संतश्री की कुशलक्षेम जानने के बाद कलेक्टर को संतश्री के स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्देश दिए थे। जिसके चलते आश्रम पर ही पिछले एक सप्ताह से इंदौर के चिकित्सक संतश्री की देखरेख कर रहे थे। श्रद्धालुओं की भीड़ के दबाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन सुबह से ही व्यवस्थाओं में जुट गया। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, एसपी धर्मराज मीना के निर्देशन में पिपलगोन से भट्याण आश्रम की ओर जाने वाले रास्ते पर बेरिकेटिंग कर दी गई। आश्रम से करीब 5 किमी पहले ही वाहनों को रोका गया, यहां से श्रद्धालू पैदल आश्रम तक पहुँच कर अंतिम दर्शन किए।

## संपादकीय

### अन्नदाताओं के बगावती तेवर

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। नाबार्ड की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। 4.476 करोड़ किसान परिवारों की मासिक औसत आय मात्र 13,661 रुपये है। जो प्रति दिन की आय 150 रुपये से भी कम है। जिसके कारण अधिकांश किसान परिवार आर्थिक तंगी के सबसे भयावह दौर से गुजर रहे हैं। किसान खेती के अलावा पशुपालन, मजदूरी और अन्य माध्यम से जो थोड़ी किसानों को आय होती है। उसी से वह किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। छोटे किसानों की हालत मजदूरों से भी गई बीती हो गई है। नाबार्ड की रिपोर्ट के अनुसार खेती से किसानो की औसत मासिक आय केवल 1,677 रुपये है। किसानों के पास जरुरी संसाधन और कोई बचत नहीं है। हर छोटे किसान के ऊपर कर्ज का भार है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है, कि 91,231 रुपये का औसत कर्ज देश के किसान परिवारों पर है। भारत मे केवल 9.1त्र किसान परिवार कर्ज से मुक्त हैं। लघु सीमांत किसान छोटे किसान सभी कर्ज के भार से दबे हुए हैं। खेती की लागत पिछले 10 वर्षो में बेतहासा बढ़ने, उपज के उचित दाम नही मिलने और कर्ज के बोझ से किसानों और उनके परिवार का जीवन जीना कठिन हो गया है। देश के 55.4त्र किसान परिवार कर्ज के भारी बोझ से दबे हुए हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकारी नीतियों में सुधार की जरूरत है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करना आवश्यक है।

## लघुकथा

### जिम्मेदार

गुंजा घर के प्रति जितना लापरवाह थी उतना ही अधिक उसे पेड़ पौधों से लगाव था। वो अपने गार्डेन में लगे पौधों की नियमित सेवा करती...खाद पानी देती,गोड़ाई करती तथा उनसे बातें भी करती थी। शाम का समय था गुंजा गार्डेन में टहल रही थी और कुछ परेशान थी। तभी कांता चाची उसके घर आती हैं और उसकी उदासी का करण पूछती हैं। चाची मैं नियमित पौधों की सेवा करती हूॅ?। फिर भी पता नहीं क्यों मेरे घर के पौधे हरे भरे नहीं हो रहे हर समय मुरझाए से रहते हैं? चाची ने एक लम्बी गहरी सांस लेते हुए कहा बहू पेड़ पौधों की सेवा करती हो अच्छी बात है। मगर घर के प्रति भी जिम्मेदार होना चाहिए जिस घर में लड़ाई झगड़ा कलह हो एक दूसरे के लिए मान सम्मान न हो अनुराग न हो हर वक्त तनाव का माहोल हो उस घर के इन्सान तो क्या पौधे तक मुरझा जाते हैं।

**प्रियंका त्रिपाठी पांडेय , वाट्स अप नं 9120098559**

### सीमित व्यवहार

दयाल फोन पर थे। वे गुप्ता को डांट पिला रहे थे। कह रहे थे, गुप्ता, साल भर होने को आए, तुम और तुम्हारे परिवार का कोई भी हमसे मिलने नहीं आया. बहुत तेज और स्मार्ट बनते हो ? गुप्ता समझाने का प्रयत्न करने लगे, यार, ऐसा... ऐसा है कि... कि..अब... अब तुमको क्या बतलाऊं...? दयाल ने बीच में ही कहा, क्या बतलाऊं.. इसका क्या मतलब ? क्या काम बढ़ गया या दिन-रात छोटे हो गए हैं ? या हमारे घर का पता भूल गए ? या हम चाँद पर शिफ्ट हो गए..? दूसरी ओर सन्नाटा छा गया. दयाल ने झिड़की लगाई, जनाब कुछ बोलते क्यों नहीं ? दयाल ने जुबान खोली और धीमे स्वर में समझाते हुए कहने लगा, यार, समझा करो. अब जीवन व्यवहार बदल गया है. अब कोई किसी के यहाँ इतना आना-जाना कहाँ करता है ? अब आने-जाने के सीमित कारण ही रह गए हैं। दयाल को तैश आ गया. पूछा, सीमित कारण मतलब ? गुप्ता ने खुलासा किया, मरना-जीना, रोग-बीमारी - बस ये ही तो कारण रह गए हैं. बहुत हुआ तो बर्थडे या मैरिज एनिवर्सरी. अब तुम्हारे बच्चे तो बाहर चले गए. तुम्हारे घर पर बर्थडे का सवाल कहाँ ? इस साल तुमलोगों ने अपना मैरिज एनिवर्सरी भी नहीं मनाया. ईश्वर की कृपा से इस साल तुमलोग बिलकुल बीमार भी नहीं पड़े. बताओ, अब हम क्या करें ? इस बार दयाल की तरफ सन्नाटा छा गया.

**ज्ञानदेव मुकेश, पटना -800013 मोबाइल न. 9470200491**

# नाश्ते का दर्शन शास्त्र

नाश्ते का अपना एक अनोखा दर्शन शास्त्र है। अगर गहराई से देखें, तो नाश्ता हमारे जीवन के अनसुलझे रिश्तों की रहस्यमयी गुत्थियों का साक्षी है। यह टूटते-जुड़ते रिश्तों में आई लव यू से लेकर आई नीड टू टॉक टू यू तक के भावों को परिलक्षित करता है। नाश्ता, टेबल पर रखा हुआ है या पेट में जाकर भी यह देखता है कि कौन बिल पे कर रहा है,बिल पे करने में आनाकानी कर रहा है या बिल पे करने में नबाबों की तरह झगड़ रहा है।लेकिन' पहले आप की जगह पहले मैं ..'

नहीं, इस बार मैं पे करूंगा। देखो, शादी के बाद तो मुझे ही करना है, क्यों न अभी से आदत डाल लूं!

या फिर लड़की के ब्रेकअप करके चले जाने के बाद लड़का बिल के भुगतान के लिए अपनी जेब टटोल रहा होता है। यह सब कुछ नाश्ता देखता है, भोगता है और जीता है।

अच्छा नाश्ता जहां पल भर में लड़की को पसंद करा देता है, वहीं कभी-कभी नाश्ते में कमी लड़के वालों को निराश कर देती है। मामा जी बोलेंगे- अरे जीजाजी, ऐसे घर में शादी करोगे? ढंग का नाश्ता भी नहीं परोसा! कई बार उत्साही लड़की वालों द्वारा पूरे नाश्ते को लड़की के हाथों का बनाया हुआ बताने की कोशिश, लड़के वालों को संदेह के दायरे में ला देती है।

अरे भाई, लड़की को मुंह बनाए रखने से फुर्सत नहीं, क्या खाक बनाएगी नाश्ता?

हालांकि, कुछ उदार दिल वाले लोग भी होते हैं, जो कहते हैं-

अरे साहब, रहने दीजिए। सारी जिंदगी तो इसे पागल ही बनाना है लड़के को। अगर नाश्ता नहीं बनाया और बाहर से मंगा भी लिया, तो क्या फर्क पड़ता है?

नेताजी जब गरीब के घर नाश्ता करते हैं, तो वह अखबारों की सुर्खियां बन जाता है। चाहे नाश्ते के नाम पर एक कौर ही क्यों न मुंह में लगाया गया हो।

नाश्ते में क्या रखा गया है, यह न केवल रिश्तेदारों की हैसियत बल्कि अपनापन और औपचारिकता की पराकाष्ठा को भी दर्शाता है। पहले नाश्ता खाने के लिए परोसा जाता था, आजकल दिखाने के लिए परोसा जाता है। नाश्ते में गुणवत्ता की जगह, लगाई गए प्लेटों की संख्या, चमचमाती कटलरी, इम्पोर्टेड नमकदानी, और करीने से सजे पेपर नैपकिन मेहमान को लुभाने के लिए प्रदर्शित किए जाते हैं।

हें हें... लीजिए, लीजिए... कुछ तो लीजिए भाईसाहब!

भाईसाहब के हाथों से गजभर दूर नाश्ते की प्लेट रखी जाती है। भाईसाहब नाश्ते को बस देखते हैं। मेहमान देवता स्वरूप होता है, और नाश्ता देवता को लगाया गया भोग। केवल देखने भर से ही उदरस्थ समझ लिया जाए ...'देवता रुपी मेहमान प्रसन्न भये.. ' यह है नाश्ते का दर्शन शास्त्र।

जितना बड़ा नाश्ता, उतनी ही अधिक संभावना कि मेहमान सोचने लगे कि इसे कहां से शुरू करें और कहां खत्म करें। इस बीच मेज़बान नाश्ते को भकोसने की योजनाओं पर पानी फेर देता है- अरे, ओह अच्छा... चलो कोई नहीं। चाय तो लेंगे न आप? चाय मीठी लेंगे या फीकी?

नाश्ता, रिश्तेदारों के बीच संवादहीन स्वार्थों और औपचारिकताओं के दायरे में कैद होकर, मूक रूप से मेज़ पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। यह कोशिश करता है कि शायद यह दीवारें टूट जाएं। लेकिन सभ्यता की यह दीवारें मेहमान को रोककर रखती हैं। मेहमान हाथ बांधे हुए, नाश्ते के समुद्र में गोता लगाते हैं, लेकिन केवल उन मोतियों को ढूंढने में व्यस्त रहते हैं जो यह साबित कर सकें कि

हम भी ऐसा-वैसा नाश्ता नहीं करते।

नमकीन, काजू, पिस्ता, किशमिश, समोसे, और चटनी से सजी प्लेटों के इस समुद्र में गोताखोर चुनकर दो पिस्ता या नमकीन के दाने निकालता है और सभ्यता का प्रदर्शन करते हुए उन्हें मुंह में डालता है। सभ्यता का विहंगम प्रदर्शन

लीजिए, भाईसाहब, समोसे ठंडे हो रहे हैं।

लेकिन साहब की श्रीमती जी भाईसाहब की सभ्यता पर किए गए इस कुठाराघात से बचाव करते हुए बोलेंगी , अरे नहीं, भाईसाहब, इनका कोलेस्ट्रॉल बहुत बढ़ा हुआ है। आजकल ये बस नींबू पानी लेते हैं।

फिर रसोई में नींबू खोजा जाता है। एक नींबू की कुर्बानी देकर शिष्टाचार निभाया जाता है। लेकिन दो घूंट लेने के बाद वह नींबू की शहादत भी निरर्थक साबित कर दी जाती है। सभ्यता की इस दिखावे वाली मन्नत को निभाने के लिए कितना कुछ त्यागना पड़ता है।

इस बीच कुछ नाश्ता-वीर ऐसे भी हैं जो भाषण-वीर भी होते हैं। उनसे दो शब्द बोलने के लिए या लीजिए, कुछ लीजिए! कहना, दोनों एक ही अर्थ में लिया जाता है। कहा तो बस दो शब्द के लिए गया होता है या कुछ लेने के लिए, लेकिन इन्हें पता है,अपनी अनौपचारिकता का बीभत्स प्रदर्शन करना ही है । उनके इस दुराग्रह के वशीभूत, भाषण के साथ-साथ पूरा नाश्ता भी निगलने की तैयारी हो जाती है। ऐसे लोग मेज़बानों की %हॉट लिस्ट% में रहते हैं। यार, इनको तो बस एक बार कह दो, 'कुछ शब्द' है ही नहीं इनकी फॉर्मेलिटी के शब्दकोष में ...बस! औपचारिकता नाम की भी कोई चिड़िया होती है कि नहीं!

नाश्ते में भी कर्मफल का सिद्धांत लागू होता है।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही उतार-चढ़ाव से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। कारोबार के अंत में 50 शेयरों वाले एनएसई निफ्टी के पीएसयू बैंक, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली हावी रही जबकि ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और रियलिटी सेक्टर में लिवाल का माहौल रहा। वहीं निवेशकों ने गुरुवार को जारी हाने वाले नवंबर के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) डेटा को देखते हए सावधानी बरती जिससे भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 16.09 अंक करीब 0.02 फीसदी की हल्की बढ़त के बाद 81,526.14 पर पहुंच गया। वहीं 50शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 31.75 अंक तकरीबन 0.13 फीसदी की बढ़त के बाद 24,641.80 स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, मारुति, भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर लाभ में रहे जबकि , जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी,




एसबीआई, रिलायंस, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और टाइटन के शेयर नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार, भारतीय बाजार में आज सूक्ष्म उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जो अमेरिकी सीपीआई मुद्रास्फीति डेटा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों में मौजूद मिश्रित भावनाओं को दिखाता है।जानकारों ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ, जबकि बॉन्ड यील्ड में हल्की बढ़त रही। इसके अलावाएफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल्स सहित डिफेंसिव सेक्टर्स में तेजी देखी गई। चीन से प्रोत्साहन उपायों की संभावना से मेटल सेक्टर में तेजी रही। निफ्टी बैंक 186.35 अंक या 0.35 फिसदी फिसलने के बाद 53,391.35 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 157.55 अंक करीब 0.27 फीसदी की बढ़त के साथ 59,292.95 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 74.15 अंक करीब 0.38 फीसदी की बढ़त के साथ 19,657.35 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,148 शेयर लाभ में जबकि 1,836 नुकसान में बंद हुए, 112 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार की सपाट शुरुआत हुई। सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 5.01 अंक करीब 0.01 फीसदी बढ़कर 81,515.06 पर कारोबार कर रहा था जबकि 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी 13.75 अंक तकरीबन 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 24,623.8 पर कारोबार कर रहा था। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन निफ्टी की वित्तीय सेवा और निजी बैंक सेक्टर में बिकवाली रही।

बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के आने से लार्ज कैप शेयरों, विशेषकर बैंकिंग और आईटी में मजबूती है। निफ्टी बैंक 122.45 अंक तकरीबन 0.23 फीसदी नीचे आकर 53,455.25 पर था। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 5.45 अंक या 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ 59,129.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 53.45 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,636.65 पर था।

एशियाई बाजारों में हांगकांग और जापान के बाजारों में गिरावट रही जबकि जकार्ता, बैंकॉक, चीन और सोल के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं गत कारोबारी दिन अमेरिकी शेयर बाजार गिरावट पर रहे थे। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 10 दिसंबर को 1,285.96 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 605.79 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# धर्मांतरण के दो आरोपियों को एक एक साल की सजा, पांच पांच हजार जुर्माना

इन्दौर। जिला कोर्ट ने धर्मांतरण के दो आरोपियों को धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 1968 की धारा 3 और 4 में दोषी करार देते हुए दोनों को एक एक साल के कारावास और पांच पांच हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी अगर तुम ईसाई बनोगे तो पैसा, लोन, बच्चों को फ्री शिक्षा मिलेगी। ईसा मसीह बहुत अच्छे हैं, दयालु हैं, हिन्दू धर्म में कोई दम वाली बात नहीं है।

हिन्दू धर्म में कोई वास्तविकता नहीं है। तुम्हारी रामायण, महाभारत झूठ का पुलिंदा है। यदि बाइबिल पढ़ोगे तो तुम्हारे सारे कष्ट दूर हो जाएंगे। तुम्हारे भगवान जो भी हैं वह काल्पनिक और नकली हैं। यह कहते हुए धर्मांतरण का दबाव बना रहे थे। मामला दस साल पुराना है जिसमें हीरानगर पुलिस ने एक लोडिंग रिक्शा चालक पृथ्वीराज सांलुके की शिकायत पर 17 अगस्त 2014 को आरोपी रोशन और एल्विन के खिलाफ धारा 3 और 4 मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 1968 की धारा के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने के बाद 26 दिसम्बर 2014 को कोर्ट में चालान प्रकरण पेश किया था।



प्रकरण में दोनों पक्षों के तर्क, गवाहों के बयान, जब्त सामग्री के आधार पर जिला कोर्ट ने आरोपी रोशन पिता ऑगस्टिन उम्र सैंतालीस साल निवासी पुष्प नगर और एल्विन पिता सुसाई पाल उम्र उनतीस साल निवासी स्कीम 78 को मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 1968 की धारा 3 और 4 का दोषी पाया। दोनों को एक साल के कारावास और 5-5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर 3-3 माह का कारावास भुगतना होगा। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि 17 अगस्त 2014 को लोडिंग ऑटो चालक पृथ्वीराज सांलुके निवासी हीरानगर ने पुलिस से शिकायत की थी कि रोशन और एल्विन उसे क्रिश्चियन धर्म अपनाने पर अच्छी सुविधाओं का लालच दे रहे हैं। दोनों के साथ अन्य लोग भी हैं।

ये लोग उनके रहवासी क्षेत्र में अलग-अलग प्रकार के साहित्य, सीडी लेकर घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर तुम ईसाई धर्म स्वीकार कर लोगे तो अच्छी नौकरी लगवा देंगे। फरियादी ने विरोध किया तो दोनों ने उसे गालियां दी और हाथापाई की। इस दौरान पृथ्वीराज के परिचित लोग वहां एकत्र हो गए तो इनमें से तीन लोग भाग निकले। जबकि लोगों ने रोशन और एल्विन को पकड़ लिया।

पुलिस ने पृथ्वीराज की शिकायत पर रोशन और एल्विन के खिलाफ धारा 3 और 4 मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 1968 की धारा के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया। फिर 26 दिसम्बर 2014 को कोर्ट में चालान पेश किया था। सुनवाई करते कोर्ट ने माना कि आरोपियों द्वारा किया गया अपराध भारतीय संविधान के अधीन प्रदत्त मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने के साथ देश की एकता और अखंडता को प्रभावित करने वाला अपराध है।

## ऊर्जावान बने रहने के लिए पाँच दशक पुराने साथी जुटे





इंदौर। गुजराती साइंस कॉलेज के पांच दशक पूर्व के विद्यार्थियों का मिलन उत्सव व कपल पार्टी का आयोजन विजयनगर में संपन्न हुआ। जीएससी फ्रेंड सर्कल ग्रुप के बैनर तले मेज़बान समाजसेवी व उद्यमी अनिल व भारती जोशी ने सभी आगंतुकों का इत्र-पुष्प से स्वागत किया।

डॉ. संजय काले ने नवागत मित्रों को बैज लगाकर सम्मानित किया।

वर्षों बाद मिले मित्रों के बीच मिस एमपी 1977 गुल वज्दी की मिमिक्री ने सभी को प्रभावित किया। सतीश शर्मा के गीत ÷ओ मेरी जोहरा जबीं÷ पर किरण शर्मा के नृत्य ने समाँ बांध दिया। राजेन्द्र दम्मानी, अनिल जोशी व मंडलेश्वर से आये इकबाल सैफी ने भी पुराने गीत गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। उम्र के सातवें दशक में भी स्वस्थ व ऊर्जावान बने रहने के लिए ग्रुप एडमिन सुरेंद्र बंसल ने टिप्स दिए। पर्यावरणविद् डॉ. दिलीप वागेला ने ऊर्जा की बचत के तरीकों के बारे में बताया। योगेश रघुवंशी ने कविता पाठ कर गुद गुदाया। इसके अलावा तम्बोला खेलकर भी उत्सव को रोचक बनाये रखा। पूर्व कलेक्टर केदार शर्मा व अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट विमल प्रजापत के साथ सुधीर श्वेता वोरा, अनिल अनुपमा भटेवरा, उमेश अल्पना दवे, नरेश सुप्रिया कोठारी, मिलिन्द चित्रा शिराळकर, नितिन रोहिणी तारे, प्रफुल्ल कस्तुरे, किरण नीलिमा मांजरेकर, मनीषा शर्मा, रेखा जौहरी, सीता बंसल, सिंधु वागेला, अमिता सिँह रघुवंशी, सुनीता काले, प्रेरणा गोयल, चंद्रा प्रजापत, शिरीन सैफी आदि उपस्थित रहे। अंत में ग्रुप के लगभग 50 सदस्यों ने सहभोज का लुत्फ लिया। संचालन किया अनिल जौहरी ने व आभार दिनेश गोयल ने माना।

## परीक्षा के पहले ही बिजली कंपनी के 2573 पद विवादों में

इंदौर। मध्य प्रदेश की 6 सभी विद्युत कंपनियों के लिए 2573 नियमित पदों के लिए परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इस परीक्षा में 27 तरह के पदों की भर्ती की जाएगी। जिसमें तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी शामिल होंगे।

इन पदों को भरने के लिए जिम्मेदारी पश्चिम क्षेत्र वितरण कंपनी लिमिटेड को दी गई है। अभी तक इसके लिए कोई तारीख की घोषणा नहीं की गई है। नाही इसके लिए कोई सिलेबस तैयार किया गया है। बताया गया है, कि पदवार सिलेबस जारी किया जाएगा। लेकिन इसका प्रकाशन अभी तक नहीं हुआ है। किस तरह से यह भर्ती होगी। इसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही है। परीक्षा की तैयारी करने के लिए सिलेबस के अनुसार कितने दिन का समय परीक्षार्थियों को मिलेगा। यह भी तय नहीं किया गया है।

जो जानकारी दी गई है, उसके लिए आवेदकों को 100 अंक का कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट देना होगा। वस्तुनिष्ठ प्रश्न परीक्षार्थियों से पूछे जाएंगे। इस परीक्षा में क्वालीफाई करने के लिए 25 अंक न्यूनतम रखे गए हैं। भर्ती प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन के माध्यम से कराई जाने की बात कही जा रही है।

एमपी ऑनलाइन ने अनारक्षित वर्ग के लिए ?1200 फीस रखी है। जबकि ईएसबी द्वारा आयोजित परीक्षा में केवल ?500 फीस ली जाती है। परीक्षा जिस तरह से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित जा रही है। परीक्षार्थियों के लिए कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने से, परीक्षा के पहले ही यह नियुक्तियां विवादों में घिरने लगी है।

## अदभुत कम्युनिटी की पहल, शीत लहर के चलते ठंड से प्रभावित स्कूली बच्चों की मदद



इंदौर। बाणगंगा स्थित सरकारी विद्यालय के बच्चे शीत लहर के चलते ठंड से प्रभावित हो रहे थे। इस समस्या को देखते हुए, अदभुत कम्युनिटी एनजीओ ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 250 बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किए।

इस पहल के साथ ही, अदभुत कम्युनिटी ने 10वीं और 12वीं कक्षा के बच्चों को परीक्षा के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। यह पहल न केवल बच्चों को ठंड से बचाने में मदद करेगी, बल्कि उनकी शैक्षिक प्रगति में भी सहायक होगी।

अदभुत कम्युनिटी की इस पहल का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद बच्चों की मदद करना और उनकी शिक्षा में सुधार करना है। यह पहल समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा, विस्मय भट्ट, एवं स्कूल से आभा परमार आदि सदस्य उपस्थित थे ।

## 14 मार्च से इन राशियों के जातकों के जीवन में आयेगा बदलाव

इंदौर। धार्मिक मान्यता के अनुसार शनिवार का दिन 'न्याय के देवता' शनिदेव की आराधना के लिए समर्पित है। कहा जाता है भगवान शनि की पूजा-आराधना करने से हर मनोकामना पूरी भी होती है! ज्योतिष शास्त्र के अनुसार करियर में सफलता पाने के लिए शनिदेव की पूजा करने की सलाह दी जाती है।




ज्योतिष गणना के अनुसार फिलहाल शनिदेव कुंभ राशि में विराजमान है और साल मार्च-2025 के महीने में मीन राशि में गोचर करेंगे! जिसका प्रभाव 12 राशि के जातकों पर सकारात्मक और नकारात्मक तौर पर देखने को मिलेगा! 'न्याय के देवता' शनि अभी कुंभ राशि में विराजमान है और शनिदेव 29 मार्च को रात 11. 01 बजे कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे! मीन राशि में शनि के गोचर करने से कई राशि के जातकों की किस्मत बदल सकती है तो कई राशि को सावधान रहने की जरूरत है लेकिन 3 रशियां ऐसी हैं जिनकी किस्मत बदल सकती है! जिसमें कर्क, वृश्चिक और मकर राशि के जातक शामिल हैं। गौरतलब है कि 2025 में होली 14 मार्च को है।

### कर्क राशि

कर्क राशि के जातकों के लिए यह समय बहुत अच्छा रहने वाला है! इस दौरान जातकों को कईतरह से लाभ होगा, जीवन के सभी संकट दूर होंगे, राजकीय सुख प्राप्त होगा! मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी, धन लाभ के योग बनेंगे, रुके हुए सभी कार्य पूर्ण होंगे!

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि के जातकों पर हनुमान जी की विशेष कृपा रहेगी, सभी तरह का बिगड़ा काम बनेगा, करियर और कारोबार में नया आयाम मिलेगा, निवेश से लाभ होगा, परिवार में खुशियों का माहौल होगा, रुका हुआ धन वापस मिलेगा, शनिदेव की कृपा से नौकरी में प्रमोशन भी मिल सकता है।

### मकर राशि

मकर राशि के जातकों को शनि की साढ़ेसाती से मुक्ति मिलेगी, साथ ही स्वास्थ्य संबंधी परेशानी दूर होगी, अटका हुआ धन प्राप्त होगा, मार्च के बाद बिगड़े काम बनेंगे, नए काम की शुरुआत करने के योग हैं, सभी बिगड़े कार्य बनेंगे। मां की सेहत का ख्याल रखें। निवेश से विशेष लाभ होगा।

# साइकिल यात्री आईटी विशेषज्ञ, अंकुर का मानपुर में भव्य स्वागत

महू। साइकिल यात्री आईटी विशेषज्ञ अंकुर तंवर का साइकिल यात्रा के दौरान मानपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। पुणे से अंकुर अपनी साइकिल यात्रा में देवास जाते हुए कुछ समय के लिए मंगलवार को मानपुर रुके। यहाँ पर उनका पुष्पमाला से आत्मीय स्वागत किया गया। मानपुर पहुँचने पर इस्माइल सैफी,लेखराज जाट, सतीश जाट,प्रियांशु धारवाल, पुष्पेंद्र राठौर,अनूप सिंह जाट, निखिल सेन,हरिओम राठौर, हकीमुद्दीन सैफ़ी, सहित अन्य लोगो ने उनका स्वागत किया।



चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि इस यात्रा के लिए उन्हें कोविड के दौरान मोटिवेशन मिला जब सारे लोग परेशान थे तब उन्होंने मातारानी से प्रार्थना की थी। सब ठीक हो जाने पर वो कोशिश करेंगे कि इस मार्ग से पैदल यात्रा कर चामुंडा देवी मालवई जायेंगे।

वो पैदल यात्रा की जगह साइकिल यात्रा से इस मार्ग को पूरा कर रहे हैं। पुना महाराष्ट से मानपुर तक वह 700 किलोमीटर की यात्रा कर चुके है। वह इस यात्रा में अकेले ही चल रहे है। यूं तो अंकुर तंवर आईआई टी प्रोफेशनल है। किन्तु देवी माता के परम भक्त होने से अब तक पुणे से नासिक, सप्तश्रृंगी, चाँदवड माँ रेणुका, धूलिया, माँ बिजासन सेंधवा,खलघाट में माँ नर्मदा के दर्शन कर इंदौर में माँ अन्नपूर्णा धाम के दर्शन करते हुए देवास में माँ चामुण्डा के दर्शन करेंगे।

वहाँ से उज्जैन जा कर महाकाल लोक जाएंगे। फिर उज्जैन से धार में कालिका माता के दर्शन करते हुए बाग़ में माता बागेश्वरी के दर्शन करेंगे। इसके बाद अपने गृह नगर आलीराजपुर के पास ग्राम मालवई में चामुण्डा माता के दर्शन कर अपनी एकल साइकिल यात्रा का समापन करेंगे। उनके बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि वे आलीराजपुर के निवासी है तथा आई टी विशेषज्ञ है। तथा वर्तमान में पुणे में कार्यरत है। वह 6 वर्ष तक अमेरिका में भी रहे है। वह हस्तरेखा और ज्योतिष के अच्छे जानकार है।तथा आनलाइन काउंसिलिंग भी करते है।

उन्हें आचार्य अंकुर की उपाधि भी प्राप्त है। अमेरिका में रहने के दौरान उन्होंने कैंसर सोसायटी आफ अमेरिका के एक डोनेशन कैम्प में लगभग 100 व्यक्तियों की पाम रीडिंग की थी। तथा प्राप्त 10 हजार डॉलर भी कैंसर सोसायटी को दे दिए थे।अंकुर तंवर 22 और 42 किलोमीटर की मेराथान भी कर चुके है। तथा जब भी समय मिलता है तब वृद्धाश्रम, बच्चों के आश्रम में जाकर उनकी सेवा भी करते है। कविता सृजन उनका शौक है।तथा पिछले वर्ष उनकी कविता संग्रह ÷मैं कल आज और कल ÷ जीवंत अनुभूतियाँ पुस्तक भी प्रकाशित हुई है।

अंकुर तंवर अलीराजपुर निवासी विख्यात फोटो ग्राफर, लेखक, रिटायर्ड बैंक अधिकारी अनिलसिंह तंवर के बड़े बेटे है। उन्होंने वार्ड पंद्रह की पार्षद श्रीमती संतोष देवी मूलचंद जाट के चरणस्पर्श कर आशिर्वाद लिया। उसके बाद जय मातादी के उदघोष के बाद उन्हें आगे की यात्रा के लिए बिदा हुए।

# महू कोतवाली पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त एवं लावारिस युवती को सुरक्षित मानसिक चिकित्सालय पहुंचाया

अपराधी तत्वों की चेकिंग के लिए दिनांक 08.12.24 को रात्री मे लगभग साढ़े ग्यारह बजे डी एस ओ आई चौराहे पर एस डी ओ पी महू दिलीप चौधरी, थाना प्रभारी महू संजय द्विवेदी अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी वहां पर एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती उम्र करीब 18-20 साल, लावारिस हालत मे दिखाई दी जो पूंछने पर कुछ भी जवाब नहीं दे रही थी।

ऐसी स्थिति में उसकी सुरक्षा के प्रति आसन्न खतरे को भाँपकार थाना प्रभारी महू संजय द्विवेदी ने तत्काल थाना से उपनिरीक्षक संदीप अखाड़िया एवं महिला आरक्षक को मौके पर बुलाकर उक्त युवती को रात्रि में अस्पताल महू स्थित वन स्टॉप सेंटर में भिजवाया तथा महिला आरक्षक वर्षा



सोलंकी को उसकी सुरक्षा में लगाया।

दिनाँक 09.12.24 को उक्त युवती की पहचान स्थापित करने एवं उसके परिजनों के बारे में पता करने के पुलिस ने भरपूर प्रयास किये किन्तु कोई जानकारी नहीं मिल सकी, तब महू पुलिस ने एस डी एम महू चरणजीत सिंह हुड्डा, तहसीलदार महू विवेक सोनी एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर महू पियूष तिवारी के सहयोग से मानसिक रूप से विक्षिप्त लावारिस महिला का मेडीकल परिक्षण मध्यभारत अस्पताल महू से कराया गया जहाँ से चिकित्सक द्वारा उसे मानसिक चिकित्सालय बाणगंगा इन्दौर के लिए रेफर किया गया। तत्पश्चात् महू पुलिस के सउनि भेरू सिंह डाबर एवं महिला आरक्षक धन्ना डामोर, प्रीति तंवर द्वारा उक्त युवती के सम्बन्ध में एसडीएम महू से आवश्यक आदेश प्राप्त कर उसे मानसिक चिकित्सालय बाणगंगा इंदौर भर्ती कराया गया।

इस प्रकार उक्त मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती के लावारिस हालत में मिलने पर थाना महू पुलिस ने संवेदनशीलता एवं महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का परिचय देते हुए उसकी सुरक्षा के प्रति उत्पन्न खतरे का आंकलन करते हुए उसकी सुरक्षा को सुनिश्चित किया।

# महू के दो समाजसेवियों को मिला बुद्ध फैलोशिप अवार्ड

महू। 40 वे अखिल भारतीय दलित साहित्य सम्मेलन में अमेरिका नेपाल तिब्बत एवं भारत के विभिन्न प्रांतो से पधारे समाजसेवियों के सम्मान के साथ महू नगर के समाजसेवी हरिराम चौहान एवं जगमोहन सोन को स्वास्थ्य शिक्षा जल संरक्षण पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नई दिल्ली में बुद्ध फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इंडौर स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री, संघ प्रिया गौतम नेपाल भारत के समन्वय उत्तम कुमार के आथित्य में कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्टीय अध्यक्ष सोहन पाल सोमनाथ, ने की इस अवसर पर उड़ीसा तमिलनाडु केरल महाराष्ट पंजाब अप मध्य प्रदेश गुजरात राजस्थान आदि प्रदेशों के हजारों समाजसेवी उपस्थित थे द्य जहां हरिराम चौहान जगमोहनसोन को सम्मान मिलने पर राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया कालूराम बामनिया योगेश यादव हेमंत पाल कैलाश दत्त पांडे जीतू ठाकुर शक्ति सिंह गोयल शांतिलाल पाटीदार राधेश्याम बियानी इंद्रदेव पांडे डॉ नरेंद्र शर्मा राजेंद्र श्रीवास्तव अजय कल राजकुमार बागड़ी राजन मालवीय मोहनलाल देवड़ा मदनलाल गहलोत देवी सिंह चौहान मोहनलाल चौहान धार फकीरचंद सोलंकी धर्मेंद्र ठाकुर प्रदीप चौहान राकेश चौहान प्रशांत चौहान प्रकाश चौहान आदि ने बधाइयां दी।

# कलेक्टर श्री गुप्ता ने सेवानिवृत्त वाहन चालक अशोक सोनी का सम्मान कर पीपीओ किया भेंट

देवास( अंतिम यादव )। माह अगस्त से नवम्बर 2024 तक शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए समस्त अधिकारी व कर्मचारियों का सम्मान समारोह जिला कलेक्ट्रेट में 10 दिसम्बर को आयोजित किया गया।

समारोह में शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सोनी को जिला कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने शाल-श्रीफल एवं पीपीओ भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही आगामी जीवन की मंगल कामना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में



मुख्य रूप से उपस्थित पेंशन अधिकारी निरूपमा पालीवाल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के कुछ दिनों बाद ही पीपीओ भेंटकर अपने कुशल कार्य का परिचय दिया। इस अवसर पर पेंशनर्स संघ के जिलाध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी, सहायक पेंशन अधिकारी द्वय योगेश पालीवाल, मदनमोहन विश्वकर्मा, बीईओ कार्यालय से सुनीता मालवीय, हेमंत मीणा सहित बडी संख्या में शासकीय सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग से सेवानिवृत्त मधुबाला शर्मा जो कि विकलांग होने के कारण कार्यक्रम स्थल पर नही आ सकी। उन्हें पेंशन अधिकारी निरुपमा पालीवाल ने कलेक्ट्रेट से बाहर आकर सम्मानित किया।

# गीता जयंती पर विद्वान पंडितों ने गीता जी का पाठ व हवन किया



देवास( अंतिम यादव )। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गीता जयंती गीता भवन में मनाई गई। गीता जयंती के उपलक्ष्य में स्टेशन रोड़ स्थित गीता भवन में विद्वान पंडितों द्वारा गीता पाठ का आयोजन सम्पन्न हुआ। गीता भवन अध्यक्ष शरद तिलकराज त्रेहन की अध्यक्षता एवं अशोक खंडेलिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में दो विद्वान पंडितों ने गीता जी का पाठ कर इसकी महत्वता को बताया। करीब तीन घंटे तक चले गीता पाठ की पूर्णाहुति हवन के साथ हुई। गीता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेन्द्र वर्मा, रमेशचंद्र चौबे, श्रीमती स्मृति रावल, विनोद तिवारी सहित मातृशक्ति एवं आसपास के भक्तों ने शामिल होकर यज्ञ में आहुतियां छोडी अंत में प्रसादी के रूप में मिठाई एवं फल-फ्रूट का वितरण किया। उक्त जानकारी व्यवस्थापक विनोद तिवारी ने दी।

# भाजपा राज में कर्ज, क्राईम और करप्शन बनी मध्यप्रदेश की पहचान : प्रतापसिंह ग्रेवाल

## कोचट्टा उद्यान पर आयोजित हुआ विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन

**जावरा।** विगत 20 वर्षो में म.प्र. के भा.ज.पा. के 04 मुख्यमंत्री के कार्यकाल में म.प्र. की पहचान कर्ज, क्राईम और करप्शन के रूप में बनी है। यह प्रदेश के लिए शर्म की बात है। महिला, किसान, गरीब असुरक्षित है। कोई सुनने वाला नहीं है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमीत शाह लगातार सत्ता में बने रहने के लिए लोकतांत्रिक सरकारों को गिराने का काम करते आ रहे हैं। चाहे वो महाराष्ट्र हो, मध्यप्रदेश हो, मणीपुर हो या फिर झारखण्ड ही क्यों ना हो, यहां की सरकारों को भाजपा ने विधायकों की खरीद फरोक्त कर गिराया। महाराष्ट में मतदाता चिल्ला रहा है। हमने तो कांग्रेस को वोट दिया तो फिर हमारा वोट कहां गया है। विजयपुर विधान सभा के उपचुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर गोलिया चलीं पर वे डरे नहीं और विजयपुर विधानसभा कांग्रेस जिती।

यह बात बुधवार को शहर के कोचट्टा उद्यान में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में रतलाम जिला प्रभारी प्रतापसिंह ग्रेवाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। ग्रेवाल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को सशक्त नेतत्व जीतु पटवारी के रूप में दिया है। महिदपुर में झगड़ा भा.ज.पा. के नेताओं के बीच हुवा और मुकदमा कांग्रेस कार्यकताओं पर बना दिया। जितु पटवारी महिदपुर आकर शासन प्रशासन के विरोद्ध में धरना आंदोलन किया। शासन की कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बनाये मुकदमें निरस्त करना पड़े कांग्रेस की खोई प्रतिष्ठा पुनः करना हैं प्राप्त ग्रेवाल ने अपने उदबोधन में बताया कि जावरा के कांग्रेस की खोई प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त करने के लिए कहां गलतियां हुई इस पर गम्भीरता से विचार किया जावेगा। भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो इसके प्रयास किये जावेगें। पूरी कांग्रेस को एक करके भाजपा की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध कांग्रेस लडेगी और अगला विधायक जावरा में कांग्रेस का ही होगा। 16 को भोपाल में जवाब दो हिसाब दो का होगा आयोजन -

सहप्रभारी सत्यनारायण पाटीदार, हरदेवसिंह जाट ने बताया कि 16 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे भोपाल में म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवारी के नेतृत्व में भा.ज.पा. के किए वादों के खिलाफ तानाशाही सरकार को हटाने के लिए जवाब दो हिसाब दो कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें अधिक से अधिक लोग भोपाल पहुंचे। सम्मेलन को प्रदेश महासचिव मो. युसुफ कड़पा, पूर्व जनपद अध्यक्ष हिम्मतसिंह श्रीमाल, डॉ. हमीरसिंह राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य डी.पी. धाकड़, जिला पंचायत सदस्य राजेश भरावा ने भी सम्बोधित किया। स्वागत भाषण जावरा ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमसुख पाटीदार ने दिया। संचालन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने किया। आभार नपा पूर्व उपाध्यक्ष हिरालाल मेहता ने माना। दी पूर्व गृहमंत्री को श्रृद्धांजलि - सम्मेलन के अंत में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री कुंवर भारत सिंह को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस दौरान हैमराजसिंह सुमन, अन्नपूर्णा पंवार, रशीदा बी एहमद, कृष्णा पाटीदार, डॉ. महोदव पाटीदार, हरीनारायण अरोड़ा, महेन्द्र गंगवाल, धनपालसिंल चन्द्रावत, रोशन सेठ (मावता), शांतिलाल दसेड़ा, राधेश्याम कुमावत, फिरदोस खान, दाउद शैख, मुन्ना भाई, राजु डाबी, दशरथसिंह गोंदीशंकर, न.पा. चेयरमेन सभापति लोकेश विजवा, मुस्तकीम मंसुरी, अनीश कल्याणे, मोहन सैनी, निजामुद्दीन पार्षद प्रतिनिधि आसिफ कबाड़ी, अशोक सिसोदिया, सत्यनारायण राठौर, हफीज खान, महेश नादेचा, नीतेश सुराणा, कृष्णा अखेड़िया, रईस भाई, प्रहलाद शर्मा, जमाल भाई, मनमोहन सुमन, हसन खान, भगत कन्गेट, बब्बन रजा, मुश्ताक जिजा, शौकत कुरेशी, इमरान कबाड़ी, आमीर खान, कन्हैयालाल हाड़ा, एहमद भाई, मांगु पटेल रिंगनोद, गोवर्धन बागरी, ईश्वरलाल धनगर, सुलेमान सेठ, विनोद औरा, शोकत भाई, नरेन्द्र मकवाना, जितु देवड़ा, अनिल सोनी, आनंदीलाल लोढ़ा, महेश शर्मा, दानिश सिद्दकी आदि मौजुद रहे।

# जावरा की निजी लॉज में मिला इंदौर के समाचार पत्र के मार्केटिंग मेनेजर का शव



## लॉज के कमरे का गेट तोड़कर निकालना पड़ा शव

**जावरा।** इंदौर से प्रकाशित एक समाचार पत्र के मार्केटिंग मैनेजर अजय नवले का शव जावरा चौपाटी स्थित एक निजी लॉज के कमरे में मिला। कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए जावरा के सरकारी अस्पताल भेजा, जहां सायलेंट अटैक से मौत होना प्रमाणित हुआ। पीएम के बाद शव परिजनों के सुर्पूद किया गया।

शहर थाना पदस्थ एसआई प्रतापसिंह भदौरिया ने बताया कि शहर के चौपाटी रोड़ स्थित अनुराग लॉज में इंदौर के एक समाचार पत्र के मार्केटिंग मेनेजर अजय नवले 9 दिसंबर को जावरा में आकर रुके थे, 10 को भी उन्होने दिन भर काम किया, रात में खाना खाकर वे सो गए थे। लेकिन सुबह जब करीब 10 बजे रुम सर्विस ने दरवाजा बजाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई, उसे लगा कि शायद नवले सो रहे होंगे तो उन्होने डिस्टर्ब नहीं किया। लेकिन जब दुसरी बार भी दरवाजा बजाने पर अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो उन्है शक हुआ। रुम सर्विस वाले कर्मचारी ने इसकी सूचना मेनेजर और लॉज मालिक को दी। तो उन्होने रुम का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि अजय बेसुध अवस्था में पड़े हैं, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि अजय की मौत हो चुकी हैं, कमरे की तलाशी लेने पर कोई सदिग्ध अवस्था नहीं मिली, जिससे प्रथम दृष्टया नवले की मौत सायलेंट अटैक से होने की संभावना हुई। जिसकी पुष्टी पीएम में हुई। परिजनों को सूचना दी गई, पीएम के बाद शव परिजनों के सुपूर्द किया गया।

## श्री मनमोहन पार्श्वनाथ पर चढ़ाई ध्वजा

**जावरा।** श्री मनमोहन पार्श्वनाथ मंदिर पर मनमोहन पार्श्वनाथ भगवान की 24 वी ध्वजा लाभार्थी दसेड़ा परिवार के सौजन्य से संपन्न हुई। मिडिया प्रभारी अरविंद जैन एवम अतुल सुराणा ने बताया की ध्वजा जुलूस लाभार्थी दसेड़ा परिवार के निवास स्थान रतलामी गेट से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ श्री मनमोहन पार्श्वनाथ मंदिर पर पहुंचा। जहां पर पार्श्वनाथ मंडल ने सत्तर भेदी पूजन पढ़ाई एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न कराया। इस अवसर पर अगले वर्ष हेतु अष्ट प्रकारी पूजन के चढ़ावे भी बोले गए मनमोहन ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश मोदी, सचिव नगीन सकलेचा ने सकल श्री संघ का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर श्री संघ के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## बिजली कंपनी स्थित पशुपति नाथ महादेव मंदिर पर हुआ अन्नकुट

**जावरा।** बिजली कंपनी कार्यालय प्रांगण में स्थित श्री पशुपति नाथ महादेव मंदिर की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर महाआरती और अन्नकुट प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। बिजली कंपनी के जितेन्द्रसिंह राठौर ने बताया कि मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर अन्नकुट महोत्सव आयोजित किया गया। बुधवार की शाम को भगवान की ढोल ढमाकों के साथ महाआरती उतारी गई और भगवान को 56 भोग लगाया गया। महाआरती के बाद भक्तों के लिए अन्नकुट प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तो ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान कार्यपालन यंत्री महेन्द्र शंकर दिक्षीत, एई संजय खरत, जेई राजेन्द्र पटेल, एई विक्रांत ठाकुर, जेई शुभम मिश्रा, जेई राहुल अहरिवार, गोपाल प्रजापत, प्रकाश सहस्त्रबुद्धे, रमेशचन्द्र चन्द्रावत, भेरुलाल परमार, अजयपालसिंह, कैलाश पांचाल, कैलाश बैरागी, नरेन्द्रसिंह कुशवाह, दिलीप सिंह चन्द्रावत , रवि कपासिया, श्याम पांचाल, विनोद सोलंकी आदि उपस्थित रहे।



# महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों का अग्निवीर योजना में हुआ चयन, प्राचार्य ने किया सम्मान

**जावरा।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो होनहार छात्रों, अभिषेक पाटीदार पिता चिमनलाल पाटीदार (बीएससी द्वितीय वर्ष) और लखन कीर पिता रमेश कीर (बीएससी प्रथम वर्ष) का चयन प्रतिष्ठित अग्निवीर योजना में हुआ है।

दोनों छात्रों ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है, जो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे महाविद्यालय और नगर के लिए गर्व का विषय है।

अभिषेक पाटीदार की नियुक्ति जबलपुर के 1 एसटीसी (सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर) में हुई है, जबकि लखन कीर को हैदराबाद स्थित आर्टी सेंटर में नियुक्ति मिली है।



चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार करने के बाद, अब दोनों छात्रों को भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एजी पठान ने छात्रों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि अगर समर्पण और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

इस उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी दोनों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

राष्ट्रीय जनभावना

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर गीता पाठ किया गया

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम जिले की लाडली बहनों के बैंक खातों में करीब 31 करोड रुपए सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की

**रतलाम।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सिंगल क्लिक द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना अंतर्गत जिले की लगभग 2 लाख 55 हजार बहनों के बैंक खातों में करीब 31 करोड रुपए सहायता राशि अंतरित की। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत रतलाम जिले में भी सामूहिक गीता पाठ किया गया।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले के 81284 सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के बैंक खातों में भी पेंशन राशि अंतरित की। बुधवार को राज्य शासन के महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का शुभारंभ भी किया गया जिसके तहत पात्र हितग्राहियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शिविर आयोजित करके दिया जा रहा है।

इस अवसर पर रतलाम कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, पार्षदगण विशाल शर्मा, दिलीप गाँधी, मनोहरलाल राजू सोनी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, निगमायुक्त हिमांशु भट्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्रीमती संध्या शर्मा, परियोजना अधिकारी डूडा श्री रवि गुप्ता, परशुराम कल्याण बोर्ड के जिला प्रभारी श्री अनुराग लोखंडे आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर गीता परिवार की श्रीमती रुचि लोखंडे, श्रीमती हर्षा काले, श्रीमती विशाखा सूभेदार, श्रीमती सुनीता पुंरदरे, श्रीमती वैशाली हुंडेकरी, श्रीमती प्रतिमा सोनटके द्वारा श्रीमद् भागवत गीता के अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया गया। महापौर श्री प्रहलाद पटेल ने अपने संबोधन में श्रीमद् भागवत गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन की कठिनाइयों में श्रीमद् भागवत गीता व्यक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, आपको राह दिखाती है। गीता बताती है कि जीवन कैसे जिया जाए, कैसे मोक्ष प्राप्त हो। महापौर श्री पटेल ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सराहनीय आयोजन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा सुना गया। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय परिसर में श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री नरेंद्र त्रिवेदी ने किया।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान' शिविर का शुभारंभ संपन्न

**रतलाम।** प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान हेतु केन्द्र व राज्य शासन ने बड़ी ही संवेदनशीलता से जनकल्याणकारी योजनाऐं बनाई है, जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किये जान हेतु मुख्यमंत्रीजी मोहन यादव ने जनकल्याण अभियान चलाया है।



उक्त उद्गार महापौर प्रहलाद पटेल ने वार्ड क्रमांक 1 स्थित डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन में आयोजित जनकल्याण अभियान शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि में जनसेवा अभियान शिविर शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये।

उन्होने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों का दिलाना पुण्य का कार्य है। आयोजित शिविरों में पार्षदगण अपने-अपने वार्ड के शेष रहे हितग्राहियों को लाकर उन्हे लाभान्वित करवायें तथा व्यक्तिगत रूप से योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। वार्ड क्रमांक 1 व 2 में आयोजित शिविरों के तहत वार्ड क्रमांक 1 में संबल के 25, कल्याणी पेंषन के 2, पीएम स्वनिधी का 1, वार्ड क्रमांक 2 में संबल के 16, विभिन्न योजना की पेंषन के 4 आवेदन हितग्राहियां द्वारा प्रस्तुत किये गये। तथा पीएम स्वनिधी योजना में 22 हितग्राहियों को बैंक द्वारा ऋण वितरित किये गये इस तरह कुल 70 हितग्राही लाभान्वित हुए।

प्रारंभ में महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य विशाल शर्मा, मनोहरलाल राजू सोनी, पार्षद योगेश पापटवाल, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, संजय कसेरा आदि का स्वागत निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट, लेखाधिकारी विकास सोलंकी, क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि हितेश पैमाल आदि ने पुष्पहार व पुष्प गुच्छ से किया।

## मेडिकल कॉलेज से 20 फीट दूर मिला नवजात का शव : थैली में डाल तालाब में फेंका, मछली पकड़ने गए किशोरों को मिला

**रतलाम।** मेडिकल कॉलेज के पीछे मंगलवार शाम नवजात बालिका का शव मिला है। शव को थैली में रख मेडिकल कॉलेज से के पीछे बने 20 फीट दूरी तालाब में फेंका था। मछली पकड़ने गए दो किशोर ने जब तालाब में कांटा डाला तो थैली उसमें फंस गई। युवकों को लगा मछली फंस गई। जब बाहर निकाला तो थैली थी। थैली खोली तो उसमें से नवजात बालिका का शव निकला। दोनों किशोरों युवकों ने बंजली की नई आबादी में आकर लोगों को बताया। तब सभी लोग वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घटनाक्रम शाम 6 बजे करीब का है। बंजली क्षेत्र के राहुल पंवार ने बताया जिस तालाब से शव मिला वह मेडिकल कॉलेज के पीछे वाली बाउंड्रीवाल से करीब 20 फीट की दूरी पर है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। नवजात की जानकारी मिलने पर बंजली गांव के लोगों के भीड़ लग गई। पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति क्लियर हो पाएगी। थाना औद्योगिक क्षेत्र के जांच अधिकारी अजमेरसिंह भूरिया ने बताया कि नवजात का शव मेडिकल कॉलेज में रखवाया है। हॉस्पिटल में पूछताछ के साथ सीसीटीवी कैमरे चैक किए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में दो दिन में हुए सभी नवजात बच्चे सुरक्षित है। यह होम डिलीवरी या कहीं और पैदा होने के बाद फेंकने का मामला लग रहा है।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत 12 दिसम्बर को शिविर आयोजित होंगे

**रतलाम।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत 12 दिसम्बर को जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाकर हितग्राहियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत 12 दिसम्बर को जिन स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएँगे उनमें जनपद पंचायत आलोट के ऐरवास में ग्राम पंचायत भवन, बरखेडाकला में ग्राम पंचायत भवन तथा रजला ग्राम पंचायत भवन शामिल हैं। इसी तरह जनपद पंचायत सैलाना में अमरगढ ग्राम पंचायत भवन, जनपद पंचायत पिपलौदा में रणायरा ग्राम पंचायत भवन, मावता ग्राम पंचायत भवन, रानीगांव ग्राम पंचायत भवन तथा नवेली ग्राम पंचायत भवन, जनपद पंचायत जावरा में पिपलियासीर ग्राम पंचायत भवन, शक्करखेडी ग्राम पंचायत भवन, असावती ग्राम पंचायत भवन, मरम्या ग्राम पंचायत भवन, माण्डवी ग्राम पंचायत भवन, नेतावली ग्राम पंचायत भवन, रोला ग्राम पंचायत भवन, ढोढर ग्राम पंचायत भवन, कलालिया ग्राम पंचायत भवन, रिंगनोद ग्राम पंचायत भवन, जनपद पंचायत बाजना में कुन्दनपुर ग्राम पंचायत भवन, भडानकला ग्राम पंचायत भवन, जनपद पंचायत रतलाम में खोखरा ग्राम पंचायत भवन, बडोदिया ग्राम पंचायत भवन, अलनिया ग्राम पंचायत भवन में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# कर्मयोग और वेद पुराणों के ज्ञान से ही मानव विकास संभव : कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

**रतलाम।**

भोपाल के ऐतिहासिक लाल परेड मैदान पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्रीद्वय जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, भोपाल के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप सहित प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, धर्मेंद्र सिंह लोधी, विधायक भगवानदास सबनानी, रामेश्वर शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, साधु-संत, आमजन उपस्थित रहे।



मंत्री श्री काश्यप ने मुख्यमंत्री को कर्मयोगी बताते हुए कहा कि भगवत गीता ही ऐसा ग्रंथ है, जिसकी जयंती मनाई जाती है। प्रदेश सरकार ऐसे कई जन हितैषी कार्य और योजनाएं संचालित कर रही है, जिनसे कर्मयोग का संदेश साकार हो रहा है। गीता जयंती पर ही मोहन सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हुआ है। इसी के उपलक्ष में आज 11 दिसंबर से मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान और जन कल्याण पर्व प्रारंभ हुआ है। जन कल्याण अभियान 26 जनवरी 2025 तक चलेगा जबकि जन कल्याण पर्व का समापन 26 दिसंबर 2024 को होगा। इस अभियान के तहत राज्य सरकार द्वारा संचालित 76 से अधिक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने के लिए सरकार घर-घर दस्तक देगी। इसी समारोह में मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहनों को 1250 रुपये के हिसाब से 1576 करोड़ रुपये और गैस सिलेण्डरों के 350 करोड़ रुपये अंतरित किये। इस विराट आयोजन में लगभग पांच हजार पंडित-आचार्यों ने एक साथ सस्वर गीता के श्लोकों का पाठ कर विश्व कीर्तिमान बनाया, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। समूचे प्रदेश में गीता जयंती कार्यक्रमों का आयोजन कर मोहन सरकार भगवान श्री कृष्ण के कर्मयोग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है, क्योंकि कर्मयोग और वेद पुराणों में समाहित ज्ञान से ही मनुष्य का विकास संभव है।



## खुशी कपूर ने स्टाइलिश अंदाज से सबका ध्यान खींचा

बालीवुड फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप जल्द ही अपने बॉयफ्रेंड शेन ग्रेगॉयर से शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। आलिया की शादी की रस्मे शुरु हो चुकी है। हल्दी समारोह में आलिया की बेस्ट फ्रेंड खुशी कपूर भी शामिल हुईं, जिन्होंने अपने स्टाइलिश अंदाज से सबका ध्यान खींचा। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह जोड़ा 11 दिसंबर को मुंबई के महालक्ष्मी रेस कोर्स स्थित बॉम्बे क्लब में शादी करेगा। फैंस और शुभचिंतक इस खास मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अनुराग कश्यप ने इस समारोह की एक खूबसूरत झलक सोशल मीडिया पर शेयर की। अपनी पोस्ट में उन्होंने आलिया और शेन की तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों हल्दी और फूलों से सजे हुए बेहद खुश नजर आ रहे थे। इस तस्वीर में शेन आलिया के गले में हाथ डालकर उन्हें पकड़े हुए थे, जबकि आलिया उनके गाल पर हाथ रखकर मुस्कुरा रही थीं। अनुराग ने इस तस्वीर को लाल दिल वाले इमोजी के साथ साझा किया, जिससे उनकी खुशी साफ झलक रही थी। हल्दी समारोह में आलिया और शेन के दोस्त पीले कपड़ों में सज-धजकर पहुंचे थे।



## डांस-आधारित फिल्म में काम करना चाहती हैं मौनी रॉय

एंटरप्रेन्योर-अभिनेत्री मौनी रॉय का ऑन-स्क्रीन उपस्थिति से सुर्खियां बटोरना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में एक बातचीत में, उन्होंने विभिन्न डांस कला को सीखने के अपने जुनून का खुलासा किया और एक डांस-आधारित फिल्म करने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने साझा किया, मुझे विभिन्न प्रकार के डांस सीखना पसंद है, और कहा, मैं एक दिन ऐसी फिल्म पर काम करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं!मौनी अक्सर अपने सोशल मीडिया के जरिए डांस के प्रति अपना दीवानगी जाहिर करती रहती हैं। वह अक्सर विभिन्न डांस शैलियों में अपने प्रदर्शन के वीडियो और इम्प्रोमेंट डांस सेशन साझा करती हैं। पर्दे पर अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर अभिनेत्री ने खुलासा किया कि डांस उनकी लव लैंग्वेज है और यह उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है।



## करीना की पसंदीदा जोडी है ननद सोहा अली खान और कुणाल खेमू

एक्ट्रेस करीना कपूर खान प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहती हैं। करीना और सैफ अली खान की जोड़ी भी इंडस्ट्री में काफी पसंद की जाती है। करीना का बॉन्ड न सिर्फ सैफ अली खान बल्कि अपने ससुराल वालों के साथ भी काफी अच्छा है। उन्हें अक्सर अपनी सास शर्मिला टैगोर, सोहा अली खान, सारा अली खान और इब्राहिम अली खान के साथ मस्ती करते देखा जाता है। ऐसे में अब करीना ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में अपनी पसंदीदा जोड़ी के बारे में बताया। करीना कपूर खान की ये पसंदीदा जोड़ी कोई और नहीं, बल्कि उनकी ननद सोहा अली खान और कुणाल खेमू हैं। करीना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सोहा अली और कुणाल की एक तस्वीर शेयर की है।

### पुजारा की रोहित शर्मा को सलाह

# पहले 20-30 रन लगातार बनाने पर ध्यान दें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारत के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कप्तान रोहित शर्मा को सलाह दी है कि वे लगातार 20 या 30 रन बनाने पर ध्यान दें, जिससे उन्हें बड़ा स्कोर बनाने और टेस्ट मैचों में अपने खराब फॉर्म को खत्म करने में मदद मिल सकती है।

रोहित एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की दस विकेट की हार में नंबर छह बल्लेबाज के रूप में दो पारियों में केवल नौ रन ही बना सके। इसके अलावा, रोहित का अपने पिछले छह टेस्ट मैचों में औसत केवल 11.83 है। मौजूदा पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज 1-1 से बराबर है, ऐसे में भारत को 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में रोहित से शीर्ष फॉर्म में आने की जरूरत होगी। सबसे पहले, मैं चाहूंगा कि रोहित शर्मा जल्द से जल्द फॉर्म में वापस आएं। क्योंकि जब वह रन बनाते हैं, तो इसका असर उनकी कप्तानी पर भी पड़ता है। जब कोई कप्तान फॉर्म में नहीं होता है, तो इसका असर उसकी कप्तानी पर भी पड़ता है। इसलिए, मुझे लगता है कि जब वह रन बनाएंगे, तो इसका असर उनकी कप्तानी पर पड़ेगा। रोहित शर्मा एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह बल्लेबाजी करते समय रन बनाना जानते हैं। वह कुछ खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। लेकिन फिर भी, उनके लिए शुरुआत बहुत





महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने पहले 20 या 30 रन बनाने पर ध्यान देना चाहिए। इसके बाद, वह शुरुआत का फायदा उठा सकते हैं और इसे बड़े स्कोर में बदल सकते हैं। इसलिए, उम्मीद है कि जब वह पहले हाफ या 15 मिनट में आएंगे, तो उन्हें शुरुआत करने पर ध्यान देना चाहिए,÷ पुजारा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि रोहित का फॉर्म टीम के कप्तान के रूप में उनकी भूमिका में सफल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक कप्तान के रूप में, मैं चाहूंगा कि रोहित शर्मा रन बनाएं। जब वह रन बनाएंगे, तो वह बेहतर सोचेंगे और बेहतर काम करेंगे।÷कोई भी खिलाड़ी कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह हमेशा अपने प्रदर्शन को लेकर चिंतित रहता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब कोई खिलाड़ी रन बनाता है, तो वह बेहतर निर्णय लेता है। इसलिए, आइए उम्मीद करते हैं कि रोहित शर्मा कुछ रन बनाएं ताकि उनकी कप्तानी बेहतर हो।

# मप्र में नए साल में दौड़ेंगी सरकारी यात्री बसें

इंदौर। प्रदेश में 19 साल से बंद सडक़ परिवहन निगम के स्थान पर अब राज्य सरकार नए सिरे से यात्री परिवहन सेवा शुरू करने जा रही है। इसको लेकर बुधवार को सीएम डॉ मोहन यादव ने समत्व भवन में मुख्य सचिव अनुराग जैन, परिवहन विभाग के एसीएस एसएनस मिश्रा समेत अन्य अधिकारियों की बैठक ली। सीएम ने इस मुद्दे को अगली कैबिनेट बैठक में लाने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर लगन के बाद जनवरी 2025 में इसकी शुरुआत हो जाएगी।

### अगली कैबिनेट में प्रस्ताव पर लग सकती है मुहर, सबसे पहले आदिवासी इलाकों में दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें




बैठक में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नवीन यात्री बस सेवा के संचालन में यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों की आवश्यकता और इंटर सिटी मार्गों के महत्व को ध्यान में रखते हुए बसों का संचालन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टिकट बुकिंग, बस ट्रैकिंग जैसे टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के सभी लाभ यात्रियों को सरलता से प्राप्त हों, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि जो बस ऑपरेटर परमिट में तय नियम शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाए। सीएम ने कहा कि यात्री सुविधा पर पूरी तरह से फोकस किया जाए। बसों की ट्रैकिंग करने का काम भी किया जाए ताकि लोगों को दिक्कत न हो।

शुरुआत आदिवासी अंचल से बताया जाता है कि परिवहन विभाग द्वारा शुरू की जा रही नवीन यात्री बस सेवा सबसे पहले प्रदेश के आदिवासी अंचल से शुरू हो सकती है। इससे इन क्षेत्रों को शहरों से जोडऩे में आसानी होगी। इसके बाद प्रदेश भर के दूसरे क्षेत्रों में भी सरकारी बसों को शुरू किया जाएगा।

पहले राज्य परिवहन की बस डीजल से चलती थी। अब इलेक्ट्रिक से चलने वाली नई बसें सडक़ों पर उतारने की तैयारी है। ये ईको फ्रैंडली बसें ध्वनि के साथ-साथ वायु प्रदूषण को भी रोकेंगी।

### छह माह पहले सीएम ने दिए थे तैयारी के निर्देश

जून में कैबिनेट बैठक के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने इसे दोबारा शुरू करने को लेकर एक बैठक ली थी। इसमें उन्होंने रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। गौरतलब है कि वर्ष 2005 में सरकार ने सडक़ परिवहन निगम बंद कर दिया था। लेकिन तकनीकी रूप से इसे बंद करने का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया था।

## जब धुर विरोधी नेता एक दूसरे से मिले, मांगे भी रखीं और ठहाके भी लगाए

नई दिल्ली। पानी पी पीकर एक दूसरे को कोसने वाले भाजपा के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीवृन ओवैसी की मुलाकात बीते रोज खूब चर्चित हुई। जब दोनों का आमना सामना हुआ तो ऐसे मिले जैसे इनसे बेहतर दोस्त कोई हो ही नहीं सकता। दोनों की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसकी सोशल मीडिया में खूब चर्चा भी हो रही है।

बता दें कि ओवैसी ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से दिल्ली में उनके ऑफिस में मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के मालेगांव से विधायक मुफ्ती इस्माइल कासमी और एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष इम्तियाज जलील भी मौजूद रहे। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की और उन्हें मालेगांव के पावरलूम उद्योग की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री से मालेगांव का दौरा करने का भी अनुरोध किया। गिरिराज सिंह ने इस मीटिंग की जानकारी देते हुए लिखा, ओवैसी और उनकी टीम ने कपड़ा मंत्रालय के कार्यालय का दौरा किया और बुनकरों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मोदी सरकार में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा जा रहा है।

# सौदेबाजी के चलते आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर प्रेशर पॉलिटिक्स शुरु

नई दिल्ली। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन होगा या नहीं होगा,इसको लेकर संशय बना हुआ है। कयास लगाए जा रहे थे कि दोनों ही दलों में सीटों का विभाजन हो गया है आप कांग्रेसे को 15 सीटें देने को तैयार है। ये खबर चली ही थी कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इन कयासों को विराम लगाते हुए साफ कर दिया कि इस तरह का कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं दूसरी तरफ सियासी जानकार मानते हैं कि ज्यादा से ज्यादा सीटें लेने के लिए दोनों ही दल प्रेशर पॉलिटिक्स पर काम कर रहे हैं।



सूत्रों के हवाले से बताया है कि बात फाइनल स्टेज में पहुंच चुकी है। गठबंधन में कांग्रेस और आप के अलावा इंडिया गठबंधन के कुछ अन्य दलों को भी शामिल किया जाएगा। आप मुखिया अरविंद केजरीवाल और शरद पवार के बीच मुलाकात के बाद गठबंधन की बात सामने आई है। 70 सदस्यीय विधानसभा में आप कांग्रेस को 15 सीटें देने को तैयार है, जबकि इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के लिए 1-2 छोड़ी जाएंगी। बची हुई 54-55 सीटों पर आम आदमी पार्टी लड़ेगी। 2015 और 2020 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी, जबकि आम आदमी पार्टी ने पहले 67 और फिर 62 सीटों पर कब्जा जमाते हुए प्रचंड जीत हासिल की थी। इससे पहले आप और कांग्रेस ने अकेले ही सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही थी। दोनों दल प्रचार में भी जुट चुके हैं। आप तो 31 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान भी कर चुकी है। ऐसे में गठबंधन को लेकर कई पेंच अब भी बाकी हैं। क्या जिन सीटों पर आप उम्मीदवार ऐलान कर चुकी है उनमें से कोई सीट गठबंधन साथियों के खाते में नहीं जाएगी? या क्या पार्टी उम्मीदवारों का नाम वापस लेकर कांग्रेस या अन्य दलों को प्रत्याशी उतारने का मौका देगी।

## मप्र में यूथ कांग्रेस के चुनाव नहीं होंगे

इंदौर। मध्यप्रदेश में यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। चुनाव की तैयारी में लगे युवकों के लिए खबर थोड़ी चौंकाने वाली है। अब प्रदेश में यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों के लिए चुनाव नहीं होंगे। प्रदेश में यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी की सीधी घोषणा होगी। इस आशय का निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया है।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुआ फैसला, मनोनीत होंगे पदाधिकारी

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में फैसला हुआ है कि मध्यप्रदेश में यूथ कांग्रेस के चुनाव अब नहीं होंगे। बिना संगठन चुनाव के प्रदेश कार्यकारिणी घोषित होगी। अबतक पार्टी के अंदर चुनाव होते थे फिर उसके बाद पदाधिकारी बनते थे।

पहले चुनाव में मतदान होता था और वोट के आधार पर यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी चुने जाते थे। बता दें कि राहुल गांधी ने यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई में चुनाव प्रक्रिया को लागू किया था। अब इस प्रक्रिया पर विराम लग गया है।

अब पदाधिकारी सीधे मनोनीत होंगे। राष्ट्रीय संगठन के इस निर्णय से चुनाव की तैयारी में जुटे युवकों के मंसूबों पर पानी फिर गया है।

# भाजपा का अब आधी आबादी पर नया दांव

## मंडल के साथ जिले की भी अध्यक्ष हो सकती है महिला

इंदौर। भाजपा महिला शक्ति को आगे कर अब एक नया प्रयोग करने जा रही है। महिलाओं को बूथ समिति में स्थान देने और प्रत्येक जिले में मंडल अध्यक्ष बनाने की घोषणा करने वाली भाजपा अब किसी भी जिले में किसी भी महिला को अध्यक्ष बनाकर नया प्रयोग कर सकती है। हो सकता है भोपाल जैसा जिला जहां संगठन काफी मजबूत स्थिति में, वहीं से इसकी शुरूआत हो।

इसके संकेत पार्टी के विश्वसनीय सूत्रों ने दिए हैं। पिछले दिनों भोपाल में हुई बैठक में संगठन की ओर से घोषणा की गई थी कि अब संगठन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

वैसे पार्टी इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने वाली है और अगर ऐसा हुआ तो संगठन में महिलाओं का वर्चस्व हो जाएगा। हालांकि इसके लिए महिला मोर्चा हैं, जहां महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया जाता है। पिछले महीने हुए बूथ समितियों के चुनाव में भी महिलाओं को बूथ समिति में अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश संगठन के आला पदाधिकारियों ने दिए थे और हुआ भी यूं ही। बूथ स्तर पर 3-3 महिलाओं को इसमें शामिल किया गया है। इसके बाद पार्टी ने घोषणा कर दी कि जिस मंडल में परिपक्व और संगठन को समर्पित महिला होगी, उसे अध्यक्ष बनाया जाएगा।

### मंडल बढ़ाने कर सिफारिश

राजधानी भोपाल, इंदौर में मंडल और बढ़ाए जाने की सिफारिश की गई है। अगर मंडल बढ़ जाते हैं तो फिर महिला मंडल अध्यक्षों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल स्थानीय स्तर पर इसको लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन यह तो तय है कि संगठन का फैसला स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों को मानना पड़ेगा और महिला मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति करना पड़ेगी।

दूसरी ओर पार्टी ने यह भी कहा है कि जिलों में भी महिलाओं को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। यहां भी तय नहीं है कि किन जिलों में अध्यक्ष के रूप में किसी महिला नेत्री की नियुक्ति होगी।

अभी 15 दिसम्बर तक मंडल चुनाव की गतिविधि चलेगी और 15 दिसम्बर के बाद जिला स्तर पर चुनाव होंगे, जिसमें अध्यक्ष घोषित होगा। हो सकता है तब भोपाल स्तर पर तय किया जाए कि किस जिले में महिला को पार्टी का अध्यक्ष बनाया जाए।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com